आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 09.04.2025 समय 0720

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षा व्यवस्था में निरंतर सुधार की दिशा में काम करने की जरूरत पर जोर दिया।
- केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करने के साथ ही वक्फ संशोधन अधिनियम लागू हुआ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।
- महिला सशक्तिकरण और बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने प्रदेश में आंगनबाड़ी और सहायिका के पदों पर भर्ती प्रक्रिया 20 अप्रैल तक पूरी करने के निर्देश दिए।
- और... नवनियुक्त मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रालयों के सचिवों से मुलाकात कर उनसे राज्य की लंबित परियोजनाओं को जल्द मंजूरी देने का अनुरोध किया।

सीएम ऑन शिक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में निरंतर सुधार की दिशा में काम कर रही है। नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से लेकर आधुनिक शैक्षिक ढांचे को मजबूत करने तक हर स्तर पर गुणवत्ता को प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने देहरादून के सहसपुर स्थित श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज के 70 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बात कही। श्री धामी ने कहा कि राज्य में मेधावी छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प– ज्ञान, संस्कृति और अवसरों से भरपूर एक सक्षम और सशक्त उत्तराखंड का निर्माण करना है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कई वरिष्ठजनों को सम्मानित करने के साथ ही स्कूली बच्चों को बैग वितरित किए।

वक्फ (संशोधन) अधिनियम

वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 कल से लागू हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा विधेयक को मंजूरी दिए जाने के बाद सरकार ने इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी है। नए कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है, जिसमें विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधान हैं। इसका उद्देश्य संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाकर, वक्फ बोर्डों और स्थानीय अधिकारियों के बीच समन्वय को सुव्यवस्थित करना और हितधारकों के अधिकारों की रक्षा करना भी शामिल है।

तीसरी अर्थव्यवस्था

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। एक निजी मीडिया चैनल के कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि इस अभूतपूर्व विकास को युवाओं द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने दोगुनी गति से आगे बढ़ते हुए सिर्फ़ एक दशक में अपनी अर्थव्यवस्था का आकार दोगुना कर लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भारत की ओर उम्मीदों से देख रही है।

मुद्रा योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल पहले प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की शुरुआत की थी। यह योजना छोटे कारोबारियों और उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना के तहत कारोबारियों को 50 हजार से लेकर 20 लाख रुपये तक का लोन देने का प्रावधान है।

नई टिहरी के हनुमान चौक निवासी और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के लाभार्थी शोभित जैन का कहना है कि योजना का लाभ लेने के बाद उनका कारोबार दोगुना हो गया है। अब उनका कारोबार बहुत अच्छा चल रहा है, जिससे उनकी आमदनी भी बढ़ी है।

**नवकार महामंत्र दिवस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में नवकार महामंत्र दिवस के आयोजन में भाग लेंगे।

नवकार महामंत्र दिवस आध्यात्मिक समरसता और नैतिक चेतना का स्रोत है जो जैन धर्म के पावन नवकार महामंत्र के सामूहिक मंत्रोच्चार से लोगों को एक सूत्र में पिरोता है।

**आंगनबाड़ी/सहायिका भर्ती**

प्रदेश भर में करीब 7 हजार आंगनबाड़ी और सहायिका के पदों पर भर्ती 20 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी और मई की शुरूआत में सभी को नियुक्ति पत्र सौंप दिए जाएंगे। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की कार्यशैली में सुधार पर बोलते हुए श्रीमती आर्या ने कहा कि इसके लिए विभाग उन्हें नए मोबाइल हैंडसेट और सिम देने जा रहा है। यह सिम आंगनबाड़ी केंद्र को आवंटित किया जाएगा और उस केंद्र पर काम करने वाली कोई भी महिला इसके जरिए सारा काम संभालेगी। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अन्य लाभ दिए जाने पर भी चर्चा हुई।

बैठक में श्रीमती आर्य ने कहा कि राज्य की महिला नीति लगभग तैयार हो चुकी है और इसे अगली कैबिनेट बैठक में रखा जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना में किए गए संशोधनों को भी जल्द ही कैबिनेट से मंजूरी मिल जाएगी।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि अधिकारियों को राज्य के 6 जिलों में 50 बेड के नए महिला आवासीय छात्रावासों का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

**सीएस दिल्ली दौरा**

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देवाश्री मुखर्जी से किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना और सेला उरथिंग जलविद्युत परियोजनाओं को जल्द स्वीकृति देने का अनुरोध किया। इस परियोजना से राज्य की ऊर्जा जरूरतें पूरी होंगी और सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास संभव होगा। उन्होंने किशाऊ परियोजना में देरी और लागत वृद्धि पर गंभीरता से जल शक्ति मंत्रालय से विचार विमर्श किया। मुख्य सचिव ने बताया कि सेला उरथिंग परियोजना को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा गंगा बेसिन का हवाला देकर सर्वेक्षण सूची से हटाया गया, जिस पर प्रदेश ने आपत्ति जताई है।

इस बीच, मुख्य सचिव ने केन्द्रीय उच्च शिक्षा सचिव से प्रदेश में उच्च शिक्षा को लेकर मुलाकात कर शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधनों को बेहतर बनाने का आग्रह किया। मुख्य सचिव ने राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए सीमांत क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, सड़कों के निर्माण तथा सैन्य सुविधाओं के विस्तार से संबंधित विषयों पर चर्चा की और इन क्षेत्रों में आवश्यक सहयोग प्रदान किए जाने का अनुरोध किया।

श्री आनन्द बर्द्धन ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार से राज्य में रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने, नई रेल परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन, और पूर्ववर्ती प्रस्तावों की प्रगति के सम्बंध में भी चर्चा की।

घोड़ा खच्चर पंजीकरण

आगामी दो मई से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा के लिए रुद्रप्रयाग जिले में घोड़े–खच्चरों के पंजीकरण के दूसरे दिन 2 सौ 57 घोड़े–खच्चरों का पंजीकरण कर उनका बीमा किया गया। ये जानकारी देते हुए वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. राजीव गोयल ने बताया कि घोड़े–खच्चरों के स्वास्थ्य परीक्षण, बीमा और पंजीकरण के लिए त्रियुगीनारायण और सोनप्रयाग में शिविर लगाए गए हैं। शिविर में पशुओं के खून के सैंपल लिये गए, जिन्हें ग्लैंडर्स बीमारी का पता लगाने के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

उच्च न्यायालय

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने उधमसिंह नगर जिले में बाजपुर के चार किसानों को ग्रीष्मकाल में धान की खेती करने की सशर्त अनुमति प्रदान की है।

याचिकाकर्ता किसानों की ओर से धान की बरसाती फसल का उत्पादन नहीं करने की शर्त पर न्यायाधीश रवीन्द्र मैठाणी की एकल पीठ ने किसानों को ग्रीष्मकालीन खेती की अनुमति दी है।

उधमसिंह नगर जिला प्रशासन की ओर से तराई क्षेत्र में पानी की कमी और पर्यावरण के मद्देनजर जिले में धान की ग्रीष्मकालीन खेती के लिए अंतिम समय सीमा 31 मार्च रखी गई थी।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....**

प्रदेश में चारधाम यात्रा की खबर को सभी स्थानीय समाचार पत्रों ने प्रमुखता से स्थान दिया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से लिखा– चारधाम यात्रा से एक हफ्ते पहले पूरी करें सभी व्यवस्थाएं। इस खबर पर दैनिक जागरण की सुर्खी है– सीएम धामी ने की चारधाम यात्रा की समीक्षा, संवदेनशील क्षेत्रों की ड्रोन से निगरानी के निर्देश।

लैब ऑन व्हील्स–मोबाइल साइंस लैब परियोजना के द्वितीय चरण का शुभारंभः राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी। इसी खबर पर अमर उजाला लिखता है– सीएम ने मोबाइल साइंस लैब को हरी झंडी दिखाई।

प्रदेश में फिल्म नीति की खबर पर राष्ट्रीय सहारा लिखता हैः प्रदेश में फिल्म नींति के तहत ओटीटी प्लेटफार्म की फिल्मों, वेब सीरीजों को भी मिलेगा अनुदान।